# स्टॉल डिज़ाइनिंग और फेब्रिकेशन अभिकरणों के नामिकायन के लिए रूचि की अभिव्यक्ति

**संदर्भ सं: प्रचार-/0035/2025-प्रचार**

**दिनांक: 3 जून 2025**

**निविदा आईडी: 2024_एसबी_746026_1**


**जारी करने वाला प्राधिकरण:**

**स्पाइसेस बोर्ड भारत के सचिव के लिए**

सहायक निदेशक(प्रचार)

स्पाइसेस बोर्ड

(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

सुगंध भवन

एन.एच. बाई पास, पालारिवट्टम पी.ओ

कोच्ची-682025, केरल, भारत

फोन: 91-484-2333610

**ईमेल** **publicity.sb-ker@gov.in**

**वेबसाइट: www.indianspices.com**

**विषय-सूची**


| **क्रम सं.** | **विवरण** | **पृष्ठ सं.** |
|---|---|---|
| 1 | **सूचना** | 3 |
| 2 | परिचय | 5 |
| 3 | स्टाल डिजाइनिंग और फेब्रिकेशन अभिकरणों के नामिकायन के लिए रूचि की अभिव्यक्ति | 6 |
| 4 | गतिविधियों का कार्य क्षेत्र | 7 |
| 5 | आवश्यक पात्रता मानदंड | 8 |
| 6 | सामान्य निबंधन एवं शर्तें | 9 |
| 7 | रूचि की अभिव्यक्ति कि प्रस्तुति | 10 |
| 8 | स्टाल डिजाइनिंग और फेब्रिकेशन अभिकरणों के नामिकायन के लिए चयन प्रक्रिया | 11 |
| 9 | संल्गनक | |
| | संलग्नक-I तकनीकी बोली | 12 |
| | संलग्नक-II आवेदक की वित्तीय स्थिति | 14 |

**1. विभिन्न अतंरर्राष्ट्रीय आयोजनों में स्पाइसेस बोर्ड के स्टालों और मंडपों के डिजाइन और फाब्रिकेशन के लिए अभिकरणों के नामिकायन हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने की सूचना**

विभिन्न घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों/व्यापार मेलों में स्पाइसेस बोर्ड (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) के स्टालों और मंडपों को डिजाइऩ और फाब्रिकेशन कार्यों का भार लेने हेतु नामिकायन के लिए प्रतिष्ठित स्टाल डिजाईनिंग और फाब्रिकेशन अभिकरणों से वित्तीय वर्ष 2025-26 से दो साल की अवधि के लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। ईओआई आमंत्रित करने वाली सूचना बोर्ड की वेबसाइट(www.indianspices.com) और केंद्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) से डाउनलोड किया जा सकता है।

बोली प्रस्तुत करने में उल्लिखित सभी दस्तावेजों को अनुलग्नकों सहित विधिवत हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए और केंद्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) पर अपलोड किया जाना चाहिए। अपलोड किए गए दस्तावेजों की एक भौतिक प्रति एक सीलबंद्ध लिफाफे में प्रस्तुत की जानी चाहिए, जिसके ऊपर "स्टाल डिज़ाइनिंग और फेब्रिकेशन अभिकरणों के नामिकायन के लिए रूचि की अभिव्यक्ति" लिखा होना चाहिए और श्री. कनगधिलीपन के, उप निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन, एनएच बाई पास रोड़, पालारिवट्टम - 682 025, कोच्ची, केरल के पते पर 24 जून 2025, सायं 5.00 बजे को या उससे पहले पहूचना चाहिए। बोलियाँ 25 जून को सायं 5.00 बजे बाद खोली जाएगी।

**सचिव**
**स्पाइसेस बोर्ड**

## **ईओआई-आँकडा शीट**

| **क्रम सं** | **संदर्भ** | **विवरण** |
|---|---|---|
| 1 | संगठन का नाम | स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार |
| 2 | कार्य का नाम | विभिन्न घरोलू एवं अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में स्पाइसेस बोर्ड के स्टाल/मंडप के डिजाइनिंग और फाब्रिकेशन के लिए स्टाल डिज़ाइनेर्स और फाब्रिकेटरों की नामिकायन एवं शोर्टलिस्ट करना |
| 3 | संदर्भ संख्या | प्रचार/0035/2025-प्रचार |
| 4 | ईएमडी | दो लाख रुपये (सचिव, स्पाइसेस बोर्ड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप मे लिया गया कोच्ची में देय) |
| 5 | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय | 24 जून 2025<br>सायं 5.00 बजे |
| 6 | बोलियाँ खोलने का स्थान और तारीख | स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन, एनएच बाई पास, पालारिवट्टम. पी.ओ., कोच्ची-25<br>25 जून 2025, सायं 5.00 बजे |
| 7 | बोली वैधता | 180 दिन |
| 8 | संपर्क व्यक्ति | श्री. कनगधिलीपन के.<br>सहायक निदेशक<br>स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची-25<br>फोन: 0484 2333 610, विस्तार सं: 313/259 |

## 2. परिचय

स्पाइसेस बोर्ड (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) भारतीय मसालों के विकास एवं विश्वव्यापी संवर्धन के लिए एक प्रमुख संगठन है। बोर्ड भारतीय निर्यातकों और विदेश आयातकों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय कड़ी है।

बोर्ड भारतीय मसालों की उत्कृष्टता के लिए गतिविधियों का नेतृत्व कर रहा है, जिसमें उद्योग के हर वर्ग को शामिल किया गया है। बोर्ड ने विकास और संवर्धन रणनीतियों के लिए गुणवत्ता और स्वच्छता को अपनी आधारशिला बनायी है।

स्पाइसेस बोर्ड की बहुमुखी गतिविधियों में छोटी व बड़ी इलायची के निर्यात संवर्धन, अनुसंधान, घरेलू विपणन, विकास और विनियमन, सभी मसालों के कटाई उपरांत सुधार, जैविक उत्पादन को बढ़ावा, मसालों के प्रसंस्करण और प्रमाणीकरण, उत्तर-पूर्व में मसालों के विकास, गुणवत्ता मूल्यांकन सेवाएँ आदि शामिल हैं।

बोर्ड विभिन्न योजनाओं जैसे व्यापार संवर्धन, ब्रांड प्रोत्साहन, अनुसंधान और उत्पाद विकास आदि द्वारा मसाला निर्यात संवर्धन का समर्थन करता है। बोर्ड विश्व बाज़ार में भारतीय मसालों और मूल्यवर्धित मसाला उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भाग लेता है।

3. **स्टाल डिज़ाइनिंग और फेब्रिकेशन अभिकरणों के नामिकायन के लिए रूचि की अभिव्यक्ति**

स्पाइसेस बोर्ड वित्तीय वर्ष 2025-26 से दो साल की अवधि के लिए विभिन्न घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शिनियों और आयोजनों के लिए अपनी प्रदर्शिनी स्टालों को डिजाइऩ और फाब्रिकेशन करने हेतु अनुभवी एवं प्रतिष्ठित अभिकरणों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करती है।

4. **गतिविधियों का कार्यक्षेत्र**

स्पाइसेस बोर्ड भारत में और विदेशी बाज़ारों में होने वाले प्रमुख एवं लघु अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में भाग लेने का इरादा है। विश्व स्तर पर भारतीय मसालों का बढ़ावा देने के लिए मेलों में स्पाइसेस बोर्ड के मंडप में शामिल बोर्ड और सह-प्रदर्शिनी निर्यातकों के स्टॉल लगाए जाते हैं। सह-प्रदर्शकों की संख्या के आधार पर स्टाल क्षेत्र विभिन्न मेलों में अलग-अलग होगा और बोर्ड मंडप का विषय/मुख्य अवधारणा भारतीय मसालों और मूल्य-वर्धित मसाला उत्पाद होगें।

- प्रदर्शिनी सामग्री, नमूना, उत्तेजको आदि के साथ प्रदर्शिनी स्थान का डिसाइनिंग के लिए आकर्षक सामग्री प्रदना करना।
- घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में स्पाइसेस बोर्ड के स्टाल/मंडप को डिज़ाइनिंग, स्थापना, निर्माण और विघटित करना।
- प्रदर्शिनियों और आयोजनों में डिज़ाइनिंग एवं जगह के अनुसार आवश्यक फाब्रिकेशन करना।
- प्रदर्शिनी स्टॉलों, मंडपों और कार्यक्रम स्थलों की सजावट।
- प्रदर्शन बोर्ड और अन्य साइनेज का डिज़ाइनिंग एवं फाब्रिकेशन।
- आकर्षक प्रदर्शन से संबंधित पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर कोई अन्य संबंधित सेवाएँ।
- मंडप में बिजली कनेक्शन और उचित प्रकाश व्यवस्था।
- स्टॉलों के निर्माण और संबंधित आवश्यकताओँ/सामग्री के लिए घरेलू/विदेशी व्यापार मेलाओँ के आयोजकों से आवश्यक अनुमति/स्वीकृतियाँ।
- मडप में बैकड्रॉप, पैनेल आदि की छपाई और स्थापना।
- बोर्ड के निर्देशानुसार पाक प्रदर्शन के लिए आवश्यक उपकरणों और आवश्यक सामग्री जैसे रेफ्रिजिरेटर, हॉट पैन, मिक्सर ग्राइंडर, सिंग और पानी का कनेक्शन और चाय/कॉफी वेनंडिंग मशीनों का प्रबंधन।
- आवश्यकतानुसार रसोइया/अनुवादकों और दुभाषिया आदि का प्रबंधन।

**5. आवश्यक पात्रता मानदंड**

- आवेदक भारत में पंजीकृत वैध संस्था होनी चाहिए।
- अभिकरण का भारत और विदेश में स्पाइसेस बोर्ड के स्टॉल डिज़ाइन करने में सक्षम होना चाहिए।
- अभिकरण का घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रदर्शिनी स्टॉल डिज़ाइन और फाब्रिकेट करने में कम से कम तीन साल (वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24) का अनुभव होनी चाहिए।
- प्रदर्शनी में स्टॉल/मंडपों की स्थापना और डिज़ाइनिंग कार्य से कंपनी का पिछले तीन वित्तीय वर्षों (वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24) के लिए औसत वार्षिक कारोबार कम से कम पाँच करोड़ रुपये या अधिक होना चाहिए। सनदी लेखाकार द्वारा वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के वार्षिक टार्नोवर का प्रामाणित दस्तावेज़ प्रमाण संलग्न किया जाना चाहिए।
- अभिकरण का सरकारी विभागों/अभिकरणों के साथ नामिकांकित होना चाहिए या उनके साथ काम करने का अनुभव होना चाहिए (प्रत्येक वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में कम से कम दो कार्य आदेश, कार्य आदेश संलग्न किया जाए)।
- अभिकरण का अंतर्राष्ट्रीय/घरेलू आयोजनों में तसमय खाद्य पटल/उत्पाद प्रदर्शन आदि स्थापित करने का अनुभव होना चाहिए। (विवरण के साथ चित्र संलग्न किया जाए)। परियोजनाओं को संभालने के लिए अभिकरण के पास एक टीम लीडर, वास्तुकार, ग्राफिक्स डिज़ाइनर और आयोजना प्रबंधक होना चाहिए।

## 6. सामान्य निबंधन एवं शर्तें

1. नामिकायन दो साल की अवधि के लिए होगा, जब तक कि सेवा मे कमी, कार्य का घटिया गुणवत्ता, संविदा का उल्लंघन, कार्य की आवश्यकता में कमी या समाप्ति के कारण स्पाइसेस बोर्ड द्वारा इसे कम या समाप्त नही किया जाता है। अभिकरण के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर बोर्ड द्वारा उचित समझा जाने पर नामिकायन का अगले वर्ष/वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।
2. अभिकरण किसी भी मुकदमें में शामिल नहीं होना चाहिए जो नामिकायन और सेवाओं की निर्वाह के इस ईओआई के अधीन आवश्यकता के अनुसार सेवाओँ के निष्पादन पर समझौता या प्रभावित कर सकता है।
3. अभिकरण आय कर प्राधिकारियों से पंजीकृत होना चाहिए और प्राधिकारियों द्वारा जारी पीएएन की एक प्रति ईओआई के साथ संलग्न करनी चाहिए।
4. यदि अभिकरण द्वारा प्रदान की गई सेवा असंतोषजनक पायी जाती है या नामिकायन के लिए प्रदान की गई जानकारी किसी भी स्तर में झूठी साबित होती है तो स्पाइसेस बोर्ड ईएमडी जब्त करने के साथ अभिकरण का नामिकागत सूची से हटाने का अधिकार रखता है।
5. बोर्ड के पूर्व लिखित अनुमति के बिना इस संविदा के अधीन किसी अन्य कंपनी/फर्म/अभिकरण/ठेकेदार को हस्तातंरित, सौंपना, गिरवी रखना या अपनी अधिकारों या दायित्वों को उप संविदा करने की अनुमती नही दी जाएगी।
6. स्पाइसेस बोर्ड बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।
7. स्पाइसेस बोर्ड अग्रिम भुगतान नही करता है। अग्रिम भुगतान का किसी भी अनुरोध तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। हालाँकी, यदि आवश्यक हो तो, अग्रिम भुगतान केवल समतुल्य बैंक गारंटी के खिलाफ ही किया जाएगा। जो अभिकरण इन शर्तों को मानने को तैयार है केवल उन्हीं को नामिकायन के लिए विचार किया जाएगा।

7. **रुचि की अभिव्यक्ति की प्रस्तुति**

इच्छुक अभिकरण निम्नलिखित विवरणों के साथ रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करें:

क) आवेदन प्रपत्र (संलग्न I और II)

ख) अभिकरण द्वारा डिज़ाइन की गई स्टॉलों की अच्छी चित्र सहित अभिकरण रेखाचित्र

ग) पैन कार्ड और जीएसटी पंजीकरण की प्रतिलिपि

घ) क्षेत्र में तीन साल के अनुभव के समर्धन दस्तावेज़ों (संगठनों द्वारा जारि कार्य आदेश)

ङ) पिछले तीन साल के आय कर रिर्टन

च) वित्त वर्ष 2022-23, 2023-24 and 2024-25 के सनदी लेखाकार द्वारा प्रामाणित लेखापरीक्षित तुलनपत्र की प्रतिलिपियाँ साथ ही निर्धारित प्रारूप - संलग्नक II का सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित और भरे हुए कुल बिक्री विवरण ।

छ) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से डीडी के रूप मे' सचिव, स्पाइसेस बोर्ड' के पक्ष में कोच्ची में देय 2,00,000/- रुपये के ईएमडी।

ज) आत्म घोषणा कि "अभिकरण किसी भी मुकदमें में शामिल नहीं है जो स्पाइसेस बोर्ड के साथ नामिकायन और कार्यान्वयन समझौता के इस ईओआई के अधीन आवश्यकतानुसार सेवा की निष्पादन में समझौता या प्रभावित कर सकती है।"

एक बोली केवल एक ही प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है। यदि बोलीदाता एक से अधिक प्रस्ताव प्रस्तुत करता है, ऐसे प्रस्तावों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। समापन तिथि और समय के बाद प्राप्त बोलियाँ इस मामले पर कोई और सूचना दिए बिना अस्वीकार कर दी जाएगी।

बोली प्रस्तुत करने में उल्लिखित सभी दस्तावेजों को अनुलग्नकों सहित विधिवत हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए और केंद्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) पर अपलोड किया जाना चाहिए।अपलोड किए गए दस्तावेजों की एक भौतिक प्रति एक सीलबंद्ध लिफाफे में प्रस्तुत की जानी चाहिए, जिसके ऊपर "स्टाल डिसाइनिंग और फेब्रिकेशन अभिकरणों के नामिकायन के लिए रूचि की अभिव्यक्ति" लिखा होना चाहिए और श्री. कनगधिलीपन के, सहायक निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन, एनएच बाई पास रोड़, पालारिवट्टम पी ओ, कोच्ची- 682 025, केरल के पते पर 24 जून 2025, सायं 5.00 बजे को या उससे पहले पहूचना चाहिए। बोलियाँ 25 जून को शाम 5.00 बजे बाद खोली जाएगी।

## 8. स्टाल डिज़ाइनिंग और फेब्रिकेशन अभिकरणों के नामिकायन के लिए चयन प्रक्रिया

i. अभिकरण का शॉर्टलिस्टिंग बोली मे दी गई जानकारी के आधार पर ही की जाएगी। बोलीदाताओं के मूल्यांकन समान की परियोजनाओं के संभालने के उनके अनुभव, अपनी जनशक्ति और फर्म के वित्तीय ताकत के आधार पर की जाएगी।

ii. स्कोरिंग तरीका निम्नलिखित होगा

| **क्रम सं.** | **मानदंड** | **वेयिटेझ** | |
|---|---|---|---|
| | **उप-मानदंड** | **मानदंड कुल** | **उप-मानदंड** |
| 1 | बोलीदाता का अनुभव | 55 | |
| 1.क | वर्षों के संगत अनुभव की संख्या<br>1-5 साल<br>6-10 साल<br>11-15 साल<br>15 साल से अधिक | | <br>5<br>10<br>15<br>20 |
| 1.ख | पिछले तीन सालों में समान प्रकृति के कार्यों की संख्या<br>1-10 कार्य<br>11-20 कार्य<br>20 से अधिक कार्य | | <br>15<br>25<br>35 |
| 2 | योग्यता, अनुभव और मुख्य कर्मचारियों की संख्या की सामान्य रूपरेखा | 25 | |
| 2.क | योग्यता<br>**टीम लीडर**<br>एम टेक/एमबीए<br>बी टेक<br>**वास्तुकार**<br>एम टेक/बी आर्क<br>बी टेक<br>**ग्राफिक डिज़ाइनेर** | | <br><br>4 अंक<br>2 अंक<br><br>2 अंक<br>1 अंक<br> |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ग्राफिक डिज़ाइनिंग में डिग्री<br>ग्राफिक डिज़ाइनिंग में डिप्लोमा<br>**आयोजना प्रबंधक**<br>एमबीए/पीजी डिप्लोमा | | 2 अंक<br>1 अंक<br><br>2 अंक |
| 2.ख | मुख्य टीम का संगत अनुभव<br>10 साल से अधिक<br>6-10 साल<br>01-05 साल | | <br>15 अंक<br>10 अंक<br>5 अंक |
| 3 | कारोबार के संदर्भ में परामर्शदाता की समग्र वित्तीय ताकत | 20 | |
| 3.क | पिछले तीन सालों का कारोबार (वित्तीय वर्ष)<br>10 करोड़ से अधिक<br>05-10 करोड़ | | <br>20 अंक<br>10 अंक |
| | कुल | 100 | |

उपरोक्त मूल्यांकन के अनुसार 60 अंकों से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बोलीदाताओं को नामिकायन के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। बोलीदाताओँ का रैंक उनके द्वारा प्राप्त अंक के आधार पर होगा। रैंकिगं के आधार पर नामिकायन में शामिल करने के लिए आठ से अधिक बोलीदाताओं पर विचार नही किया जाएगा।

iii. स्पाइसेस बोर्ड उपर्युक्त एक या सभी शर्तों का बिना कोई कारण बताए संशोधित करने, बदलने, पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने, जोड़ने या हटाने का अधिकार रखता है।

iv. शॉर्टलिस्ट की गई बोलीदाताओं से, जब भी आवश्यकता होगी, स्पाइसेस बोर्ड के विभिन्न घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों के प्रत्येक आयोजन डिज़ाईऩ और फाब्रिकेशन के विशिष्ट आवश्यकाता का निर्धारण पर आऱएफपी प्रसुस्त करने के लिए कहा जाएगा। चयन मानदंड तकनीकी प्रस्ताव के लिए 50% वेटेज और वित्त प्रस्ताव के लिए 50 % सहित क्यूसीबीएस।

## 9. संलग्नक

**संलग्नक-1**

**तकनीकी बोली**

**स्पाइसेस बोर्ड के लिए स्टाल डिज़ाइनिंग और फाब्रिकेशन अभिकरण के चयन के लिए रुचि की अभिव्यक्ति**

| क्रमांक | विनिर्देशन | विवरण |
|---|---|---|
| 1) | नाम | |
| 2) | स्थापना वर्ष | |
| 3) | समाविष्टि का स्थन | |
| 4) | पंजीकृत कार्यालय का पता | |
| 5) | केरल में कार्यालय का पता, यदि कोई हो तो | |
| 6) | केरल के बाहर संबंद्धों/शाखाओं का विवरण | |
| 7) | कंपनी का विवरण और प्रमुख अधिकारियों का अनुभव | |
| 8) | बोलीदाता की कानूनी स्थिति (मालिक/साझेदारी/प्राईवेट लिमिटेड/सार्वजनिक लिमिटेड | |
| 9) | आय कर पंजीकरण का विवरण, आईटी निर्बाधता/पीएएन विवरण संलग्न करे | |
| 10) | जीएसटी पंजीकरण (प्रतिलिपि संलग्न करे) | |
| 11) | आभिकरण के सीईओ/प्रमुख का संपर्क विवरण (नाम, पता, फोन, ईमेल, मोबाइल) | |
| 12) | कार्य अनुभव(सरकार/मंत्रालय/सार्वजनिक निकाय गाहक का विवरण प्रदान करें) | |
| 13) | कारोबार : (समर्थक दस्तावेज़ों और विधिवत भरा हुआ संलग्नक -II संलग्न करें) | |

**(हस्ताक्षर एवं आवेदक का नाम)**

**(मोहर)**

**स्थान व तारीख:**

संलग्नक **-II**

**आवेदक का वित्तीय स्थिति**

सनदी/सार्वजनिक लेखाकार या वाणिज्य मंडल द्‌वारा विधिवत प्रामाणित पिछले तीन वित्तीय वर्ष के लिए रिक्त स्थान भरें।

पिछले तीन वर्षों के दौरान कुल बिक्री:

| **राशि** | वित्त वर्ष 2021-22 | वित्त वर्ष 2022-23 | वित्त वर्ष 2023-24 |
|---|---|---|---|
| कुल बिक्री | | | |
| | | | |

(हस्ताक्षर एवं आवेदक का नाम)

(मोहर)

स्थान व तारीख: